दैनिक भास्कर
जोधपुर 04-02-2023

इन्वेस्टर ने स्टार्टअप के ग्रो-अप के लिए दिए टिप्स, सुलझाई परेशानियां

आइडिया के सफल क्रियान्वयन के लिए निवेश की उचित योजना बनाने की जानकारी दी

सिटी रिपोर्टर | जोधपुर

पॉलीटेक्निक कॉलेज स्थित आई-स्टार्ट नेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर में शुक्रवार को इन्वेस्टर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें भावी स्टार्टअपकर्ता और वर्तमान में स्टार्टअप करने वाले युवाओं को बिजनेस ग्रो-अप करने के टिप्स दिए गए।

इन्क्यूबेशन सेंटर के प्रभारी व उपनिदेशक जेपी ज्याणी ने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से स्टार्टअप को अपने आइडिया के सफल क्रियान्वयन के लिए निवेश की उचित योजना बनाने की जानकारी दी गई। मारवाड़ी कैटलिस्ट के फाउंडर सुशील शर्मा ने स्टार्टअप को इन्वेस्टमेंट संभावनाओं तथा फंड रेजिंग विकल्पों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्टार्टअप को सफल होने के लिए सही समय पर इन्वेस्टमेंट प्लान करना बहुत आवश्यक है। अगर यह प्लान नहीं होगा तो बिजनेस में कई तरह की दिक्कतें आ सकती है। इसलिए आवश्यक है कि इन्वेस्टमेंट को लेकर प्रॉपर प्लान किया जाए। फंडिंग कैसे उठाते हैं, किस तरह लोगों को उद्योग से जोड़ते हैं। साथ ही उसे विभिन्न इन्वेस्टमेंट स्रोतों के बारे में भी जागरूक होना चाहिए। इस मौके पर डेवोट मोटर्स के फाउंडर वरुण पंवार ने अपने ईवी स्टार्टअप के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने अपने द्वारा बनाई ईवी स्पोर्ट्स बाइक को भी उपस्थित स्टार्टअप के समक्ष प्रदर्शित किया। जिसे काफी सराहना मिली। कार्यशाला में स्टार्ट नेस्ट जोधपुर के मेंटर रौनक सिंघवी ने भी अपने विचार रखे।